एक नजर में

## शांति नगर से नाबालिग लापता

**इंदौर.** आजाद नगर थाना क्षेत्र के शांति नगर मूसाखेड़ी से नाबालिग लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. पुलिस के अनुसार फरियादी अरूणा हताग्ले निवासी शांति नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त की दोपहर तीन बजे से चार बजे के बीच उनकी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई. काफी तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चला. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## पैसों के विवाद में पति-पत्नी में मारपीट

**इंदौर.** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते महिला से मारपीट का मामला सामने आया है. फरियादी माया सोलंकी निवासी हनुमान टेकरी असरावदखुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि देर रात उनके पति दीपक सोलंकी ने पैसों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा किया. माया ने बताया कि उन्होंने पति को 50 रुपये दिए, लेकिन जब उसने और पैसे मांगे और देने से मना किया तो पति ने गाली-गलौज शुरू कर दी. विरोध करने पर दीपक ने बांस के डंडे से मारपीट कर दी, जिससे महिला के हाथ और पीठ पर चोट आई. माया का आरोप है कि इस दौरान उनकी सास ममता बाई भी आ गई और उन्होंने भी हाथ मुक्कों से मारपीट कर बाल पकड़कर खींचे. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएं, प्रकरण दर्ज

**इंदौर.** शहर में विवाद के चलते मारपीट और गाली-गलौज की दो घटनाएं पुलिस थानों में दर्ज हुई हैं. मल्हारगंज थाना क्षेत्र के रामनगर पंचकुईया रोड पर शनिवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच गाड़ी हटाने की बात को लेकर झगड़ा हो गया. फरियादी अंकित कुशवाह ने शिकायत में बताया कि पड़ोसी महेश जुनवल ने गाली-गलौज करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. इस मामले में गायत्री और उमेश जुनवल के नाम भी शामिल किए गए हैं. वहीं, राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के फल मंडी स्थित शिव मंदिर के सामने मारपीट की दूसरी घटना सामने आई. फरियादी ईशान उर्फ बंटी सेजवार ने बताया कि वह कार्यस्थल पर बैठा था तभी राजेश चौहान और उसका बेटा विधान पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे. आरोप है कि दोनों ने डंडे और हाथ मुक्कों से हमला किया, जिससे फरियादी के हाथ, गर्दन, सीने और गाल पर चोटें आईं. पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी. दोनों मामलों में पुलिस ने अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## ऑटो खड़ा करने को लेकर विवाद, ड्राइवर से की मारपीट

**इंदौर.** तिलकनगर थाना क्षेत्र में ऑटो खड़ा करने की बात पर विवाद हो गया जो गाली-गलौज और मारपीट तक पहुंच गया. फरियादी संदीप राठोर निवासी कृष्णपुरी कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि स्कीम नंबर 140 के सामने सांची प्वाइंट पर विकास नामक युवक अपने दोस्त के साथ ऑटो लेकर आया और उसके ऑटो के पास गाड़ी खड़ी कर सवारी बैठाने को लेकर विवाद करने लगा. संदीप का आरोप है कि विकास ने मां-बहन की गालियां दीं और हाथ मुक्कों से मारपीट की. इसी दौरान उसके साथी ने ऑटो से लकड़ी का डंडा निकालकर वार किया, जिससे फरियादी के हाथ और पैर में चोट आई. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## अंकों के खेल में आगम का रहस्य छुपा



**इंदौर.** पर्यूषण पर्व के अन्तर्गत श्री नेमीनाथ नवरंग मण्डल इन्दौर द्वारा आयोजित खेल खेल मे सीखो प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ. पं. श्री संजयजी सिद्धार्थी ने इस क्विज को बहुत ही रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर उपस्थित जन समुदाय का दिल जीत लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रुति सोनी, सोनल जैन एवं सतीश भैयाजी ने दीप प्रज्वलित किया. प्रकाश बड़जात्या, देवेन्द्र सेठी, एमके जैन, शैलेश वेद उपस्थित थे. संचालन नरेश संगीता जैन ने किया. मोनिका जैन, संगीता जैन, श्रेणिक जैन, सुरेश जैन ने अतिथियों का स्वागत किया. नेमीनाथ नवरंग मण्डल के देवेन्द्र जैन द्वारा सभी उपस्थित समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया.

## तेज रफ्तार वाहनों से दो स्थानों पर हादसे

**इंदौर.** तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के दो मामले शहर में सामने आए हैं. पहली घटना कनाड़िया थाना क्षेत्र की है. फरियादी राकेश सिंह राठौर निवासी सत्यम विहार कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शाम को बिचौली मर्दाना ब्रिज के सर्विस रोड पर कार नम्बर एमपी 09 डब्ल्यूसी 0010 की चालिका ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी स्विफ्ट डिजायर कार नम्बर एमपी09 सीक्यू 5786 को टक्कर मार दी. हादसे में वाहन को नुकसान हुआ. दूसरी घटना परदेशीपुरा थाना क्षेत्र की है. फरियादी सतीष सोलंकी निवासी राहुल गांधी नगर ने बताया कि देर रात रात यादव कॉम्प्लेक्स के पास उनकी साइकिल को पीछे से एक फॉर्च्यूनर नम्बर एमपी 04 सीएस 1777 ने टक्कर मार दी. हादसे में साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि सतीष को चोट नहीं आई. दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## नंदानगर से नाबालिग लापता

**इंदौर.** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है. फरियादिन सुशीला कोरी निवासी जनता क्वार्टर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी पोती बिना बताए घर से निकल गई और वापस नहीं लौटी. परिजनों को आशंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसे बहला-फुसलाकर ले गया है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## आपसी विवाद मारपीट में बदला लिया

**इंदौर.** मानपुर थाना क्षेत्र में देर रात आपसी कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि पत्थरबाजी और मारपीट तक की नौबत आ गई, घटना जामा मस्जिद के सामने हुई. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. फरियादी तौफिक कुरैशी ने पुलिस को बताया कि वे रिश्तेदारों के साथ बातचीत कर रहे थे. इसी दौरान उनका भाई सफीक और उसके बेटे अनस व अल्फेज वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे. जब विरोध किया गया तो सफीक ने पत्थर उठाकर तौफिक के सिर पर हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और खून बहने लगा. बीच-बचाव करने पहुंचे तौफिक के बेटे अरबाज पर भी अनस और अल्फेज ने हमला कर दिया. मारपीट में अरबाज को हाथ, पैर और चेहरे पर चोटें आई. मानपुर पुलिस ने तौफिक की शिकायत पर सफीक और उसके बेटों अनस व अल्फेज के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## दो सटोरिये रंगेहाथ गिरफ्तार

**इंदौर.** पुलिस ने जुए-सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को सार्वजनिक स्थानों पर सट्टा पर्ची लिखते रंगे हाथ पकड़ लिया. पुलिस ने मौके से पर्चियां, डायरी और नगदी भी जब्त की है. थाना प्रभारी के मुताबिक पुराना बस स्टैंड क्षेत्र से नितिन केवट निवासी वार्ड क्रमांक 2 चंद्रभागा को पकड़ा. उसके पास से तीन सट्टा पर्ची, एक डायरी, एक पेन और 400 रुपए नगद बरामद हुए. इसी तरह अजंता पेट्रोल पंप के पास से अखिलेश मेहता निवासी यादव कॉलोनी को पकड़ा. पुलिस ने उसके पास से 4 सट्टा पर्चियां, एक कार्बन का टुकड़ा, एक पेन और 1200 रुपए नगद जब्त किए. दोनों मामलों में पुलिस ने सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

## खुडैल में सड़क हादसे, चार लोग घायल

**इंदौर.** खुडैल थाना क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए. हादसों में कार और लोडिंग रिक्शा चालकों की लापरवाही सामने आई है. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज किया है. पहला हादसा ग्राम सनावदिया स्थित पुरानी कलाली के सामने हुआ. यहां कार नम्बर एमपी 09 डब्ल्यू बी 7523 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए मांगीलाल कलम की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी. इसके बाद कार सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से भी टकरा गई. इस हादसे में मांगीलाल समेत उसका आठ वर्षीय बेटा यश और अक्षय व विजय ठाकुर घायल हो गए. दूसरा हादसा भी पुरानी कलाली के सामने हुआ. लोडिंग रिक्शा नम्बर एमपी 09जीएच 5737 के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए 55 वर्षीय राधेश्याम माठोलिया को टक्कर मार दी. हादसे में राधेश्याम के पैर, हाथ और पीठ पर चोट आई. दोनों मामलों में पुलिस ने लापरवाह चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# शहर में ड्रेनेज चेंबर हो रहे जियो टैग

▸ दो लाख चेंबरों में से 1.60 जियो टैग



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम द्वारा शहर में ड्रेनेज लाइन के चेंबर ढक्कनों को जियो टैग किया जा रहा है. इसमें से 1.60 ड्रेनेज चेंबर ढक्कनों को जियो टैग कर भी दिया गया है. शेष 40 हजार ढक्कनों को जियो टैग करने का काम जारी है. खास बात यह है कि इससे निगार निगम को कंप्यूटर पर ही पता पड़ जाएगा कि कौन सा चेंबर का ढक्कन खराब है और किस जगह का बदलना है.**

नगर निगम को शहर में ड्रेनेज लाइन के चेंबर और खराब ढक्कन टूटने की शिकायत बहुत ज्यादा मिलती है. कई स्थानों पर ड्रेनेज चेंबर टूटे या धंसने की जानकारी मिलती है. कई जगह ड्रेनेज चेंबर के कारण बड़ी दुर्घटना भी घट जाती है. इन सबसे बढ़कर यह कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा चेंबर ढक्कन साल में दो से तीन बार बदलने के मामले भी बताकर बिल पास करवाए जाते है. इसमें बड़ा भ्रष्टाचार होता है, जिसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों के पकड़ में नहीं आ पाती है. चूंकि सभी वार्डो में ड्रेनेज चेंबर झोनल कार्यालय के माध्यम से बदले जाता है। झोंडल अधिकारी वार्डो के दरोगा और सुपरवाइजर के माध्यम से चेंबर ढक्कन की डिमांड भेजते है और उस आधार पर ड्रेनेज चेंबर ढक्कन बदले जाते है. मगर इस सब पर लगाम लगाने के लिए अब ड्रेनेज चेंबर ढक्कनों का जियो टैग वार्ड और कॉलोनी की सड़कों स्थानों के साथ कर दिया गया है. एक अनुमान के अनुसार शहर में 2 लाख ड्रेनेक चेंबर है और नगर निगम ने 1.60 ड्रेनेज चेंबर जियो टैग करने का कार्य पूरा कर लिया है. शेष 40 हजार चेंबर ढक्कनों को जियो टैग यानि कंप्यूटर में स्थान, मोहल्ला और भौगोलिक क्षेत्र जीपीएस सिस्टम से लैस किया जा रहा है.

### क्या है जियो टैग प्रणाली

जियोटैगिंग का अर्थ है स्मार्टफ़ोन या जीपीएस-सक्षम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा रिकॉर्ड की गई छवियों, वीडियो और अन्य मीडिया में भौगोलिक निर्देशांक जानकारी संलग्न करना. उदाहरण के लिए, जियोटैग की गई तस्वीरों में अक्षांश और देशांतर निर्देशांक, ऊँचाई, दिशा आदि जैसे भू-स्थानिक मेटाडेटा शामिल होते हैं. निगम उक्त आधुनिक प्रणाली से ड्रेनेज चेंबर और ढक्कनों का जियो टैग करवाया जा रहा है.



# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी की सुरक्षा बढ़ाए जाने मांग

▸ प्रतिनिधिमंडल ने की पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ लगातार अपराधिक घटनाएं हो रही है. उक्त घटनाओं के कारण उनकी जान को खतरा बढ़ गया है. उक्त मामले को लेकर आज कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की.**

आज शाम कांग्रेस शहर और जिला अध्यक्ष के साथ कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह से मुलाकात की. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के विरुद्ध हाल ही में लगातार आपराधिक घटनाएं घटित हुई हैं. इस कारण उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है. बीते दिनों उनकी गाड़ी पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमला किया गया. उनके निवास पर डकैती का प्रयास भी हुआ है. उनके कार्यालय और व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी अन्य संदिग्ध घटनाएं भी सामने आई हैं. ये घटनाएं न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा करती हैं. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के साथ प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है. साथ ही उनके चारों ओर सुरक्षा घेरा मजबूत कर जिम्मेदार सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की करने की मांग भी की है. सुरक्षा को लेकर दिए ज्ञापन में गृहमंत्री प्रदेश सरकार और कलेक्टर इंदौर के नाम भी प्रतिलिपि भेजने का अनुरोध किया गया है.

# पीपली बाजार में बर्तन की दुकान में आग

▸ पांच किराएदारों को सुरक्षित निकाला

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जवाहर मार्ग से लगे पीपली बाजार में शनिवार देर रात महावीर मार्ग स्थित एक बर्तन की दुकान में आग लग गई, जिससे आसपास की बिल्डिंग धुएं की चपेट में आ गई. घटना करीब सुबह 3 बजे हुई. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर ऊपर के कमरे में फंसे पांच किराएदारों को सुरक्षित बाहर निकाला.**

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, आग धर्म कालरा निवासी त्रिवेणी कॉलोनी की श्री बिल्डर्स नामक दुकान में लगी थी. आग और धुएं के कारण दुकान का फर्नीचर और कुछ अन्य सामान जलकर खाक हो गया. दमकलकर्मियों ने खिड़कियां और दरवाजे खोलकर लोगों को सुरक्षित निकाला. फंसे लोगों में अब्दुल सतार, कमरून निशा, रूपाईया, रीजवाना बी और शाहनवाज बी शामिल थे. पुलिस और नगर सुरक्षा समिति के सदस्य भी मौके पर पहुंचकर रास्तों को बंद कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की. अधिकारियों ने बताया कि अगर आग तेजी से ऊपर तक फैलती, तो बड़ा हादसा हो सकता था.

# मंदिर में पशु की पूंछ मिलने से मचा हड़कंप

▸ हिंदू संगठनों ने जताया आक्रोश

**इंदौर. अनंत चतुर्दशी पर लसूडिया थाना क्षेत्र के तुलसी नगर स्थित एक मंदिर में पशु की पूंछ मिलने से सनसनी फैल गई. घटना के बाद क्षेत्रीय रहवासी और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूंछ को जब्त कर जांच शुरू कर दी.**

मंदिर की रेलिंग पर किसी ने पशु की पूंछ रख दी थी. इसे देखकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंचे बजरंग दल और अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने इस कृत्य को धार्मिक आस्था से खिलवाड़ बताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की. लसूड़िया पुलिस ने घटना के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पूंछ किस पशु की है और किसने वहां रखी. मामले में थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.



# 11 सालों बाद गौतमपुरा पर रूकी लंबी दूरी की ट्रेन

▸ सांसद व विधायक ने दिखाई हरी झंडी



**महू. विधानसभा की जनता की 11 वर्षो पुरानी लंबी दूरी की ट्रेनों को गौतमपुरा रोड रेलवे स्टेशन पर रोकने की मांग पूरी हो गई है. इस मांग को सांसद शंकर लालवानी व विधायक मनोज पटेल ने शुक्रवार रात को पूरा करवा दिया.** रात्रि 10.05 बजे पहली बार गौतमपुरा रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेन इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस के पहिए रुके. ट्रेन रुकते ही वहा मौजूद जनता ने जोरदार तालियां बजाई और आतिशबाजी करते हुए ट्रेन के ड्राइवर को पुष्प हार पहना कर मिठाई खिलाई व स्वागत किया. इस एक्सप्रेस ट्रेन की हरी झंडी दिखाने पश्चिम रेलवे विभाग ने सांसद शंकर लालवानी व विधायक मनोज पटेल को आमंत्रित किया था.

ग्रामीणजन आंदोलन को थे तैयारट्रेन स्टापेज मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सक्सेना ने सांसद, विधायक, व रेलवे अधिकारियों को दो दर्जन से अधिक पत्र लिखे और मुलाकात की. पर किसी ने ध्यान नहीं दिया. इससे ग्रामीणों में भी आक्रोश बढ़ रहा था और आंदोलन की तैयारी चल रही थी. सांसद लालवानी ने रेल मंत्री से गौतमपुरा स्टेशन पर लंबी दूरी की ट्रेनों को रुकवाने का पत्र लिखा. जिस पर रेल मंत्री ने सहमति देते हुए रेलवे विभाग को गौतमपुरा स्टेशन पर ट्रेन रोकने के निर्देश दिए. जिसके बाद शुक्रवार को जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन शुक्रवार को गौतमपुरा रोड स्टेशन पर रोकी गई. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. वहीं गौतमपुरा से दो ही टिकट बिके. टिकट बुकिंग कर्मचारी अकरम पठान से पहला टिकिट यात्री बनकर जीतू गुप्ता ने और दूसरा टिकिट जमील खान ने लिया. सांसद ने भी ट्रेन में बैठ कर इंदौर तक यात्रा की.

### सांसद ने की कई घोषणाएं

समारोह के बीच सांसद लालवानी ने गौतमपुरा स्टेशन को विकसित करने, एक और प्लेटफार्म के साथ फुट ओवर ब्रिज बनवाने की भी घोषणा की. विधायक मनोज पटेल ने कहा आने वाले कुछ दिनों में रेलवे सहित अन्य विकास कार्य भी होना है. इस दौरान रेलवे विभाग के पीयूष पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरत आंजना, जिपं उपाध्यक्ष भारत पटेल, मंडल अध्यक्ष राजू जाट, नगर अध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि गगन बाहेती, उपाध्यक्ष राजा पाटीदार, चंबल बहरामपुर, सरपंच प्रभु सिंह गुर्जर, विभोर मुंदड़ा, संजय पाल आदि मौजूद रहे.

# लिफ्ट के गड्ढे में गिरने से मजदूर की मौत

▸ सुपरवाइजर पर लापरवाही का केस

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन स्थल पर हादसे में मजदूर की मौत हो गई. सत्यविहार कॉलोनी निवासी राजेश 50 पिचले दिनों 5 जुलाई की रात अंबर गार्डन बायपास स्थित साइट पर काम कर रहा था, रात करीब 11 बजे वह लिफ्ट के गड्ढे में ऊंचाई से गिर पड़ा, जिससे गंभीर चोट आने पर उसकी मौत हो गई. जांच के दौरान साक्षियों ने अपने बयान में बताया कि घटना हरिओम इंटरियर प्रा. लि. के सुपरवाइजर खुम्माराम जाट की लापरवाही से हुई. पुलिस ने सुपरवाइजर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# तेज रफ्तार ऑटो ने कार को मारी टक्कर

## चालक पर गाली-गलौज और तोड़फोड़ का आरोप

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में तेज गति से ऑटो चलाने के कारण सड़क हादसा और हंगामे की घटना सामने आई है. फरियादी शुभम सिंह बिसेन निवासी तलावली चांदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब एक बजे उनकी कार को लाल पंप के पास ऑटो नम्बर एमपी 09 आर 7515 चालक ने पीछे से टक्कर मार दी. शुभम ने बताया कि जब उन्होंने चालक को समझाते हुए सावधानी से चलाने को कहा, तो वह मां-बहन की गालियां देने लगा. आरोप है कि इसके बाद ऑटो चालक ने उनकी कार का आगे का दरवाजा खींचकर तोड़ दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# पानी के विवाद में की मारपीट

▸ सड़क हादसे में युवक घायल

**इंदौर.** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में मारपीट और सड़क हादसे के मामले दर्ज हुए. पहली घटना त्रिवेणी नगर पाल्दा की है. फरियादी छोटू मंसोरे ने बताया कि उन्होंने पड़ोसी श्याम सैनी से पानी की मोटर हटाने को कहा तो इस बात पर विवाद हो गया, आरोप है कि श्याम ने गाली-गलौज कर थप्पड़ मारा और झूमाझटकी की. इसी दौरान उसका बेटा शुभम डंडा लेकर आया और सिर पर वार कर दिया, जिससे खून निकलने लगा. इसी इलाके में श्याम सैनी ने भी छोटू और उसके बेटे गौरव पर रिपोर्ट दर्ज कराई है. उनका कहना है कि दोनों ने पानी भरने की बात को लेकर गाली-गलौज की और मारपीट की, जिससे उन्हें कमर और पेट में चोटें आईं. बीच-बचाव करने आई पत्नी और बेटी से भी धक्का-मुक्की की गई. इसी तरह तीसरी घटना ऐश्वर्या गार्डन के सामने सर्विस रोड की है. फरियादी दीपक राठौड़ ने शिकायत में बताया कि रात करीब नौ बजे एक होंडा स्कूटी चालक गलत दिशा से तेज गति में आया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में दीपक घायल हो गए और उनके पैर से खून बहने लगा. पुलिस ने तीनों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## चंदननगर में दो अलग-अलग जगह विवाद

**इंदौर.** चंदननगर थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग विवादों में मारपीट और गाली-गलौज की शिकायतें दर्ज हुईं. पहली घटना श्रीराम तलावली जवाहर टेकरी की है. फरियादी दिनेश राणा ने बताया कि पड़ोसी संजय राणा से रास्ते पर रखे कांटे हटाने की बात को लेकर विवाद हो गया. आरोप है कि संजय ने गाली-गलौज कर पत्थर से हमला किया, जिससे उन्हें चोट आई. दूसरी घटना केशव नगर की है. फरियादी मुस्कान ने पुलिस को बताया कि घर की छोटी-छोटी बातों को लेकर पति इमरान शेख, ससुर अजीज शेख और सास मुमताज बी ने उनके साथ गाली-गलौज की और इमरान को उनके खिलाफ भड़काया. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एक नजर में ▸ बारिश के दौरान अधिकतर स्थानों पर परेशान होते हैं रहवासी

# समय रहते अधिकारी ऐसी व्यवस्था करें कि जलजमाव न हो



**इंदौर. नगर निगम के सारे विकास की पोल बरसात खोल के रख देती है. जिसकी तस्वीर कुछ दिन से दिखाई दें रही थी. बरसात थमने के बाद नगर निगम के अधिकारियों की आगे और क्या तैयारी है यहां अभी देखना बाकी है.**

सतत पांच दिन से हो रही बरसात ने शुक्रवार देर रात से थम गई. लेकिन इन दिनों शहर में हर नागरिक परेशान था. इनमें अधिकतर वाहन चालकों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि शहर की अधिकतर सड़कें पानी की निकासी न होने के कारण डूब चुकी थी. नगर निगम अधिकारी और जिम्मेदार हमेशा दावा करते आए हैं लेकिन इस वर्ष भी सारे दावे ध्वस्त हो गए. मौसम विभाग और खबरों के अनुसार माने तो आने वाले समय में प्रदेश के अधिकतर जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बताई जा रही है. अब देखना यह होगा कि बरसात रुकने के बाद नगर निगम के अधिकारी और जिम्मेदारों ने क्या योजना बनाई है, ताकि शहर में दोबारा जल जमाव की स्थिति न बन सके और डूब क्षेत्र के रहवासियों को किस तरह से सुरक्षित कर सकेंगे.

### इनका कहना है...



निगम अधिकारियों को पता है कि किन क्षेत्रों में जल जमाव की स्थिति गंभीर हैं बरसात थमी हुई है. इन दिनों निगम को चाहिए कि सटीक योजना पर कम करें.

- आनंदीलाल पंचोली



डूब क्षेत्र के रहवासियों को बालवाड़ी या स्कूलों में ठहराना योजना नहीं होती. फिर से मौका है कि गंभीरता से योजना पर काम किया जाए. गलतियां सुधार की आवश्यकता है.

- रमन बोरासी



अधिकारियों द्वारा बिना जांच किए कॉलोनाइजरों को परमिशन दी गई. बरसात के पानी की निकासी कैसे होगी. जहां से पानी की निकासी है वहीं कॉलोनी डेवलप कर दी गई.

- कल्लन शाह